# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 29.01.2025　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　समय : 0705

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड के देहरादून में अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन किया।
- श्री विजयपुरम के नेताजी स्टेडियम में आज शाम बीटिंग रिट्रीट समारोह का आयोजन किया जाएगा।
- अंडमान निकोबार प्रशासन ने महाकुंभ मेले में भाग लेने वाले द्वीपों के तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए मंडप स्थापित किया है।
- राजभाषा सचिव ने कर्मचारियों को हिन्दी सॉफ्टवेयर के बारे में जागरूक करने के लिए नियमित अंतराल पर कार्यशालाएं आयोजित करने को कहा है।

**<><><><><><><>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल शाम उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों का शुभारंभ किया। देशभर के खिलाड़ियों ने एकजुटता दर्शाते हुए भव्य परेड में भाग लिया। इस अवसर पर ओलम्पिक खिलाड़ी लक्ष्य़ सेन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राष्ट्रीय खेल मशाल– तेजस्विनी सौंपी। इस मशाल ने तेरह जिलों से गुजरते हुए चार हजार किलोमीटर की यात्रा तय की है। प्रधानमंत्री ने देव भूमि उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी पर गर्व व्यक्त  करते हुए इसे राज्या के लिए ऐतिहासिक अवसर बताया। उन्होंने कहा कि ये राष्ट्रीय खेल भारत के पारंपरिक खेलों के आयोजन के साथ साथ हरित पर्यावरण को भी बढ़ावा दे रहे हैं।	भारत की विकास गाथा में खेलों के महत्व का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इन खेलों का भारत की विकास यात्रा में अभिन्न स्थान है। उन्होंने कहा कि देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले दशक में खेलों के लिए बजट तिगुना कर दिया गया है, जिससे खेलो इंडिया जैसी पहल के तहत आधुनिक सुविधाएं संभव हुई हैं। फिट इंडिया अभियान के संदर्भ में प्रधानमंत्री ने युवाओं से स्वस्थ और सक्रिय जीवन शैली अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने उपस्थित खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और वैश्विक खेल जगत में भारत की स्थिति मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

**<><><><><><><>**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने आज आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से अपना ऐतिहासिक सौंवा प्रक्षेपण किया। जी.एस.एल.वी. F–15 रॉकेट सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से छोड़ा गया। इस मिशन में NVS–02 उपग्रह को भू–समकालिक स्थानान्तरण कक्षा में स्थापित किया जाएगा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के नेताजी स्टेडियम में आज शाम बीटिंग रिट्रीट समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सेना, नौसेना और पुलिस द्वारा बैंड का संयुक्त प्रदर्शन किया जाएगा। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। बीटिंग रिट्रीट पर भारतीय नौसेना, तटरक्षक और जहाजरानी निदेशालय के जलयानों को रोशनी से सजाया जाएगा। यह रोशनी शाम पांच बजकर पैंतालीस मिनट से रात्रि दस बजे तक मरीन फ्लैग पोस्ट पर की जाएगी। इसे देखते हुए यातायात की भी विशेष व्यवस्था की गई है। अबरडीन बाजार से साउथ प्वाइंट और इसके विपरीत जाने वाले वाहनों को शाम साढ़े तीन बजे से समारोह समाप्त होने तक मॉडल स्कूल क्रॉसिंग, एपीडब्ल्यूडी क्रॉसिंग, मुरुगन मंदिर, सिद्दीकी जंक्शन से शादीपुर जंक्शन के रास्ते से जाना होगा। अबरडीन जेट्टी से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वीप और नॉर्थ बे तक पर्यटकों को ले जाने वाली निजी पर्यटक जलयानों को आज जंगलीघाट जेट्टी से संचालित करना होगा।

<><><><><><><>

प्रयागराज में छब्बीस फरवरी महाशिवरात्रि तक भव्य महाकुंभ मेला चलेगा। यह भव्य आयोजन भारत की आध्यात्मिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक परंपराओं को एक साथ जोड़ता है। यूनेस्को ने कुंभ को 'मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत' के रूप में मान्यता दी है। अंडमान निकोबार प्रशासन के कला और संस्कृति विभाग और सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय ने महाकुंभ मेले में आने वाले द्वीपों के तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए मंडप स्थापित किया है। इस संबंध में प्रयागराज में महाकुंभ मेला प्राधिकरण ने भारद्वाज और हरिहर मार्ग चौराहा, सेक्टर–सात, में पांच हजार वर्ग फुट भूमि आवंटित की है। द्वीपसमूह से महाकुंभ मेले में भाग लेने वाले तीर्थयात्रियों के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है, जिसमें पुरुषों के लिए बीस और महिलाओं के लिए दस बिस्तरों की क्षमता वाले दो शयनकक्ष, अलग–अलग शौचालय और स्नानघर के अलावा विशिष्ट अतिथि कक्ष में तीन बिस्तर और दो अतिरिक्त बिस्तर शामिल हैं। इसके अलावा मंडप में

केंद्रशासित प्रदेश के हस्तशिल्प, कलाशिल्प, सामान आदि की प्रदर्शनी और बिक्री काउंटर भी है। द्वीपों की पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटकों को पर्यटन स्थलों की जानकारी भी दी जा रही है। इस पवेलियन में रिसेप्शन–कम–हेल्प डेस्क की सुविधा भी है।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग की ओर से वृद्धावस्था, बेसहारा, विधवा और दिव्यांगजन पेंशनभोगियों को पेंशन प्रदान किया जाता है। जिन लाभार्थियों ने अभी तक अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा नहीं किया है, उनसे इक्कतीस जनवरी तक संबंधित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और मुख्य सेविका के पास अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा करने को कहा गया है। ऐसा न करने पर वित्तीय सहायता रोकी जा सकती है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बयानब्बेवीं अर्धवार्षिक बैठक कल सचिवालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई। राजभाषा सचिव  ऋचा ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि गृह मंत्रालय, केन्द्र सरकार के कार्यालयों में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के प्रति काफी गंभीर है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के कार्यालयों के अधिकारियों को अपने अधिकतम सरकारी कार्य हिन्दी में करने की आदत डालनी चाहिए। उन्होंने कहा कि द्वीपसमूह के विभिन्न कार्यालयों में तैनात कर्मचारी हिन्दी में कार्य करने में सक्षम हैं और उन्हें अपने सरकारी कार्य हिन्दी में करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने अब विभिन्न सॉफ्टवेयर विकसित किए हैं और ऐसे सॉफ्टवेयर की सहायता से अब सरकारी कार्य हिन्दी में करना बहुत आसान हो गया है। उन्होंने सभी कार्यालयाध्यक्षों से कहा कि वे अपने कर्मचारियों को इस सॉफ्टवेयर के बारे में जागरूक करने के लिए नियमित अंतराल पर कार्यशालाएं आयोजित करें तथा इस सॉफ्टवेयर की सहायता से सभी सरकारी कार्य हिंदी में करने का प्रयास करें। बैठक का समन्वय सदस्य सचिव राजेंद्र इंदवार ने किया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर हटबे में कुल दो हजार पांच सौ वर्गमीटर सरकारी राजस्व भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया। दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त ने आम जनता को आगाह करते हुए कहा कि वे सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने से बचें।

**<><><><><><><>**

## <u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

प्रयागराज में महाकुंभ मेले में द्वीपसमूह से भाग लेने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए मंडप स्थापित करने के समाचार को **द डेली टेलीग्राम्स** और **द्वीप समाचार** ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए अपनी पहली सुर्खी बनाई है। अखबार ने ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से दिव्यांग महिलाओं के लिए फास्ट फुड स्टॉल पर कार्यशाला आयोजित करने के समाचार को भी सचित्र प्रकाशित किया है। **इंफो इंडिया** ने परिवहन निदेशालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर और नमूनाघर पंचायत में आयोजित तीसरे पंचायत स्थापना दिवस मेले के समाचार को प्रमुखता दी है। एड्स नियंत्रण सोसाइटी की ओर से कॉलेज छात्रों के लिए राज्य स्तरीय ड्रामा प्रतियोगिता आयोजित करने के समाचार को **इको ऑफ इंडिया** और **अंडमान क्रोनिकल** ने अखबार में जगह मिली है। सीबीएसई की ओर से प्रतिबंधित वस्तुओं के साथ पाए जाने वाले छात्रों को दो साल तक के लिए परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी– **द अंडमान एक्सप्रेस** की खबर है।

**<><><><><><><>**